# देश में गौ-माताओं की हत्याओं को हिंदू समाज कतई बर्दाश्त नहीं करेगा : कवि मुकेश मुलेवा

- भारत सरकार गौ-माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा दें,, यश राठौर ने जेल बगीचा श्री हनुमान मंदिर से कलेक्ट्रोरेट तक दंडवत यात्रा की

**झाबुआ।** जिले के थांदला निवासी युवक यश राठौर ने 22 फरवरी रविवार को जेल बगीचा स्थित श्री हनुमान मंदिर से लेकर कलेक्ट्रोरेट कार्यालय तक दंडवत यात्रा निकाली।

इससे पूर्व श्री हनुमान मंदिर प्रांगण में युवाओं की भव्य सभा का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य रूप से राष्ट्रीय कवि मुकेश मुलेवा एवं सनातनी युवक यश राठौर ने संबोधित करते हुए 7 सूत्रीय मांगों का उल्लेख किया।साथ ही कहा कि देश में गौ-माताओं की हत्याओं को सनातन हिंदू समाज कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। भारत सरकार गौ-माता को जल्द ही राष्ट्रीय माता का दर्जा दे एवं गौ-हत्या करने वाले तथा गौ मांस का विक्रय करने वालों को कड़ी सजा का भी प्रावधान हो। उल्लेखनीय है कि थांदला निवासी 25 वर्षीय युवक यश राठौर ने थांदला से लेकर झाबुआ जेल बगीचा हनुमान मंदिर तक करीब 35 किमी की दंडवत यात्रा उनके द्वारा तय की गई। यात्रा में उनके परिवारजन एवं मित्र साथ रहे। यश राठौर के सम्मान में जेल बगीचा स्थित श्री हनुमान मंदिर पर रविवार दोपहर 11 बजे से भव्य सभा का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में युवाजन उपस्थित रहे। युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय कवि मुकेश मुलेवा ने कहा कि युवक यश राठौर ने देशहित में 7 सूत्रीय मांगों को लेकर जो आंदोलन थांदला से शुरू किया, वह आज झाबुआ तक पहुंच चुका है। यश राठौर ने दंडवत यात्रा के माध्यम से मुख्य रूप से गौ-माता को राष्ट्रीय



माता का दर्जा देने और गौ-हत्या करने वालों को सख्त सख्त सजा का प्रावधान किए जाने की मांग को बुलंद किया है। यह आवाज पूरे देश में बुलंद होने के साथ अब सनातन धर्म और हिंदू समाज गौ-माताओं की हत्याओं को कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। युवक यश राठौर ने अपने उद्बोधन में कहा कि उनकी मुख्य रूप से 7 सूत्रीय मांगे है। जिसमें गौ-माता को राष्ट्रीय माता का दर्जा देने एवं गौ-हत्या करने वालों को कड़ी सजा का प्रावधान भारत सरकार द्वारा जल्द ही किया जाए। साथ ही अवैध धर्मांतरण के आरोपियों को भी कानून में सख्त से सख्त सजा मिले। सभा का संचालन समाजसेवी राधेश्याम परमार 'दादूभाई' ने किया।

युवा यश राठौर ने बड़ी संख्या में युवाओं के साथ श्री हनुमान मंदिर से कलेक्ट्रोरेट तक भगवान श्रीराम एवं गौ-माता के सामूहिक जयघोष के साथ दंडवत यात्रा की। यात्रा में आगे प्रचार रथ चलने के साथ इसके पीछे युवा अपने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर और केसरिया ध्वज तथा राष्ट्रीय ध्वज के साथ शामिल हुए। सभी युवाओं में अपार उत्साह और जोश दिखाई दिया। हाईवे मार्ग से होते हुए यश राठौर दंडवत यात्रा करते हुए कलेक्ट्रोरेट परिसर पहुंचे। जहां युवाओं ने सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया और करीब एक से डेढ़ घंटे तक धरने पर भी बैठे।

*कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से मिलने को लेकर अड़े युवा -* युवक यश राठौर के साथ झाबुआ युथ के विनय वर्मा, दिव्यराज सिंह सहित अनेकों युवा कलेक्टोरेट में ज्ञापन देने हेतु कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक से मिलने को लेकर काफी देर तक अड़े रहे। उनका कहना था कि वह ज्ञापन कलेक्टर या एसपी को ही देंगे। इस बीच ज्ञापन के लिए प्रस्तुत हुए संयुक्त कलेक्टर विजय मंडलोई, तहसीलदार सुनीलकुमार डावर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपालसिंह महोबिया, एसडीओपी रूपरेखा यादव को युवाओं ने ज्ञापन सौंपने से इंकार कर दिया। इस दौरान थाना प्रभारी आरसी भास्करे एवं ट्रैफिक प्रभारी कमल मिंदल के नेतृत्व में भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। *खून से लिखा गौ-माता राष्ट्रीय माता* - इस बीच युवाओं ने सफेद वस्त्र पर अपने रक्त से गौ-माता राष्ट्रीय माता लिखने के साथ हाथों से छापे भी लगाए गए। युवाओं ने आक्रोशपूर्वक कहा कि जब तक ज्ञापन लेने कलेक्टर एवं एसपी नहीं आएंगे तब तक हर 3 मिनट में एक युवक द्वारा अपना रक्तदान करते हुए रक्त से गौमाता राष्ट्रीय माता लिखा जाएगा।

इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं ने भी रक्तदान करते हुए मांगों के संबंध में अपना समर्थन दिया। करीब डेढ़ घंटे तक युवा कलेक्टोरेट परिसर में ही धरने पर बैठे रहे। इस बीच जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका एवं थांदला विधायक वीरसिंह भूरिया ने भी पहुंचकर युवाओं की मांगों का समर्थन किया। *महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसपी को सौंपा ज्ञापन-* ज्ञापन लेने के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. शिवदयाल सिंह के आने पर उन्हें देश के महामहिम राष्ट्रपति के नाम युवक यश राठौर ने 7 सूत्रीय मांगों संबंधी ज्ञापन प्रेषित किया। जिसका वाचन झाबुआ युथ के संचालक विनय वर्मा ने किया। ज्ञापन में मुख्य रूप से देश में गौ-माताओं की हत्या पर पूर्णत प्रतिबंध लगे, गौ-माताओं को राष्ट्रीय माता का दर्जा दिया जाए, औद्योगिक क्षेत्र में जनजाति समाज को रोजगार की प्राथमिकता मिले, जैन साधु संतों को रात्रि विश्राम के दौरान पुलिस सुरक्षा की व्यवस्था की जाएं, बलात्कार के आरोपियों को फांसी की सजा दिए जाने का प्रावधान किया जाए, जमीन आवंटन में पारदर्शिता लाई जाएं, अवैध धर्मांतरण पर आरोपियों के खिलाफ कठोर एवं सख्त कार्रवाई हो, आदि मांगे रखते हुए इन पर जल्द ही अमल करने की बात कहीं गई। ज्ञापन बाद युवक यश राठौर सहित सभी युवा अपने-अपने गंतव्य स्थल की ओर रवाना हुए।

## एक नजर में

### वरिष्ठ शतरंज खिलाड़ियों की श्रेणी में नरेंद्र चतुर्वेदी प्रथम स्थान पर रहे, दी शुभकामनाएं

**झाबुआ।** गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित 2 दिवसीय ऑल इंडिया ओपन रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट में झाबुआ के अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त वरिष्ठ खिलाड़ी नरेंद्र चतुर्वेदी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। श्री चतुर्वेदी को टूर्नामेंट के आर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी मयूर पटेल द्वारा नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट में देश के विभिन्न राज्यों से कुल 482 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें से 226 खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त खिलाड़ी थे। गौरतलब है कि नरेंद्र चतुर्वेदी पूर्व में भी कई शतरंज टूर्नामेंट में अपने खेल से झाबुआ का नाम रोशन कर चुके है। उनकी उपलब्धि पर सभी सभी स्नेहीजनों। एवं मित्रजनों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।




### कांग्रेस पार्टी अल्पसंख्यक नेता को भेजे राज्यसभा

**बाग।** अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री जाफर खान मेव ने मप्र में होने वाले आगामी राज्यसभा चुनाव में अल्पसंख्यक कोटे को राज्यसभा सीट देने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखा है। मेव ने पत्र में बताया कि मप्र में पार्टी में जमीन से जुड़े अल्पसंख्यक नेताओं में सबसे बड़ा नाम शेख अलीम साहब प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस विभाग मध्य प्रदेश का है जो कांग्रेस पार्टी में वर्षों से कई पदों पर रह चुके हैं पार्षद भी रहे हैं एक अच्छे वकील भी है अभी मौजूदा पार्षद पति है। और संगठन को मजबूत बनाने का काम कर रहे हैं। हमारी मांग है कि शेख अलीम साहब को राज्यसभा के लिए कांग्रेस पार्टी भेजे जो मध्य प्रदेश कांग्रेस को मजबूत करें। शेख अलीम अजमेर दरगाह शरीफ के पूर्व अध्यक्ष रहे हैं और 6 बार पार्षद रहे। इंदौर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष रहे। साथ ही पार्टी संगठन में भी कई अहम पद पर जिम्मेदारी निभाई है। मध्य प्रदेश में 2002 में आखरी बार राज्यसभा के लिए अल्पसंख्यक नेता को भेजा गया था उसके बाद किसी भी अल्पसंख्यक नेता को राज्यसभा के लिए नहीं भेजा गया है, 20 साल से भी ज्यादा समय हो गया है *जाफर खान मेव ने बताया* कांग्रेस पार्टी को सबसे ज्यादा वोट अल्पसंख्यक ही देते हैं लेकिन लगातार अल्पसंख्यकों की अनदेखी हो रही है चाहे वह जिला अध्यक्ष का गठन हो या कार्यकरनी सदस्य का गठन हो लगातार उनकी हिस्सेदारी कम की जा रही है लेकिन अल्पसंख्यक सबसे ज्यादा वोट कांग्रेस पार्टी को ही करता है उसके बाद भी अनदेखी करना समझ में नहीं आ रहा है, अल्पसंख्यकों की कांग्रेस पार्टी में उदासीनता आने वाले समय में देखी जा रही है जिससे आई एम आई एम असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी मजबूत होती जा रही हैं लोग उसकी तरफ जा रहे हैं कारण बस यही है कि अल्पसंख्यकों की अनदेखी हो रही है, अगर कांग्रेस पार्टी को मजबूत होना है तो हिस्सेदारी में अल्पसंख्यकों को भी मजबूत करना होगा और उनको राष्ट्रीय कार्यकारिणी हो या प्रदेश स्तर की कार्यकारिणी हो या जिले स्तर की हो या शहर स्तर की कार्यकारिणी हो।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम मोदी की मन की बात

**धार।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का श्रवण जिले के सभी 18 मंडलों पर सामूहिक रूप से श्रवण किया गया । जिसमें प्रेरणादायी संवाद में प्रधानमंत्री जी ने भारत के उज्ज्वल भविष्य से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। इसी क्रम में पीथमपुर के सागौर झोन के वार्ड क्रमांक 23, मोतीनगर बूथ क्रमांक - 226 पर भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती एवं विधायक श्रीमती नीना वर्मा ने धार नगर के बूथ नंबर 62 पर मन की बात कार्यक्रम का131 वाँ संस्करण का श्रवण किया गया जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा धार नगर सेनापति मंडल अध्यक्ष विशाल निगम भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा कालीचरण सोनवानिया मंडल महामंत्री अमित शर्मा बादल मालवीय महेश बोड़ाने समेत मंडल पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे । इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों और प्रधानमंत्री के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम है, जो समाज में जागरूकता एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है।प्रधानमंत्री जी ने अपने संबोधन में देश के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर विस्तार से चर्चा की।इसके अतिरिक्त, उन्होंने नवाचार, स्वदेशी तकनीक, सामाजिक जागरूकता, जन-आंदोलनों और देशवासियों की सकारात्मक पहल की सराहना करते हुए 'वोकल फॉर लोकल' तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को और सशक्त बनाने का आह्वान किया। उन्होंने नागरिकों से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए स्वच्छता, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन तथा स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेरणादायक विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जी ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं समूहों की सराहना की तथा उनके प्रयासों को देश के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

# झाबुआ के हाट बाजार में दिखी भगोरिया हाट की रंगत

- त्योहारों को लेकर ग्रामीणों ने की जमकर खरीददारी

**झाबुआ।** रविवार को हाट बाजार का दिन रहा। जिसमें भगोरिया हाट की झलक भी देखने को मिली। हाट बाजार में सैकड़ों की संख्या में आसपास के ग्रामीण अंचलों से लोग पहुंचे और आगामी त्यौहारों को लेकर खरीदारी की। हाट बाजार में मुख्य बाजार में विशेष भीड़भाड़ नजर आई। उल्लेखनीय कि 24 फरवरी से जिले में भगोरिया हाटों की शुरुआत हो रहीं है, जो 2 मार्च तक चलेंगे। जिला मुख्यालय पर अगला हाट भगोरिया हाट रहेगा।इससे पूर्व आने वाले हाट में ग्रामीणों ने बाजार से कपड़ों, आभूषण श्रृंगार सामग्रियों की दुकानों पर पहुंचकर खरीदी की। बाजार में सुबह से लेकर देर शाम तक इस रोनक रहीं। ग्रामीण युवक-युवतियों में समूह में बाजार में घूमते हुए दुकानों पर खरीदारी करने को लेकर विशेष उत्साह रहा। ज्ञातव्य रहे कि मार्च माह से ग्रामीण अंचलों में शादियों का दौर भी शुरू हो रहा है, ऐसे में भी ग्रामीणजन बाजारों में खरीदी के लिए बड़ी संख्या में आ रहे है। इसको लेकर जिलेभर में इन दिनों बाजारों में विशेष रौनक के साथ दुकानों पर खरीदी का क्रम भी जारी है। आगामी होलिका दहन, धुलेंडी एवं गल-चूल पर्व को लेकर भी लोगों में उत्साह है। *कब कहां लगेगा भगोरिया हाट -* प्राप्त जानकारी अनुसार झाबुआ और आलीराजपुर जिले में 24 फरवरी को पिटोल, खरडूबड़ी, थांदला, तारखेड़ी, बरवेट, बखतगढ़, आंबुआ और अंधारवाड़ में भगोरिया हाट लगेंगे।25 फरवरी को उमरकोट, माछलिया, करवड़, कल्याणपुर, मदरानी, ढेकल, बरझर, खट्टाली, चांदपुर और बोरी में आयोजन होगा।26 फरवरी को पारा, हरीनगर, सारंगी, समोई, फुलमाल, सोंडवा और जोबट में हाट भरेंगे।27 फरवरी को बेकल्दा, मांडली, भगौर, वालपुर, कट्ठीवाड़ा और उदयगढ़ में आयोजन होगा। 28 फरवरी को रानापुर, मेघनगर, बामनिया, झकनावदा, बलेड़ी, नानपुर और उमराली में हाट लगेंगे। 1 मार्च को झाबुआ, धोलियावाड़, रायपुरिया, काकनवानी, कनवाड़ा, छकतला, कुलवट, सोरवा, आमखूंट और झीरन में आयोजन होगा। अंतिम दिवस 2 मार्च को होलिका दहन के दिन आलीराजपुर, भाबरा, पेटलावद, बड़ागुड़ा, रंभापुर, मोहनकोट, कुंदनपुर और रजला में भगोरिया हाट सजेंगे।



# मारु कुमावत समाज का 24 वां सामूहिक विवाह में 10 जोड़े परिणाय सूत्र में बंधे

**सरदारपुर।** ग्राम बोला में मारु कुमावत समाज के गुरु कुंबनंदाचार्य जी महाराज के मंदिर परिसर में 24 व सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष राजाराम मालवीय कमलिया ने बताया कल 10 जोड़े परिणय सूत्र में बंद है सामूहिक विवाह समिति के सचिव पूनम चंद पटेल , बोला ने बताया कि 10 जोड़ों पर पंडित जी की व्यवस्था की गई थी आचार्य घनश्याम दवे एवं उनके बालक विशाल दवे बोला थे आचार्य जी द्वारा विधि विधान मंत्र उच्चारण के साथ सभी जोड़ों को सात फेरे करवाए गए खूंबानंद आचार्य जी महाराज मंदिर के ट्रस्टी अध्यक्ष शिवनारायण मोतीलाल मारु सेठ राजगढ़ की ओर से सम्मेलन में कन्याओं को दहेज सामग्री भेंट की गई, और राजगढ़ मारु परिवार की ओर से सामूहिक में चाय का भी स्टाइल लगाया गया सभी बारातीयों ने सामूहिक में चाय का लाभ उठाया, भागीरथ जी रामा जी बाकरेचा लाबरिया लड्डू गोपाल भेंट किए गए, चंपालाल दुबल्दिया दसई चिल्ड वाटर की केन भेंट की गई, गोपाल कोदर जी सागर बोला, डॉ लक्ष्मी नारायण टाक बोला चिल्ड वॉटर कैन बेड की गई, नरसिंह हरकचंद जी मावर कंजरोटा चिल्लड वॉटर कैन भेट की गई, जीवन राम नारायण चांदोरा हनुमंतिया काग स्टील का जग भेंट किया गया, डॉ महेश कैलाश चंद्र चौधरी हनुमंतिया एवं संजय शांतिलाल जी डीडवानीया इंदौर उनकी ओर से भागवत गीता बेड की गई, बाबूलाल श्रीकार दसए की ओर से टिप्पण भेट किए गए, सामूहिक में समिति की ओर से भोजन की व्यवस्था भी की गई समिति के सदस्य राम नराण पटेल जोलाना, कैलाश मंडोरा मौलाना, भागीरथ बाकरेचा लाबरिया, शंभू चौधरी भोपावर, शांतिलाल ऊंटवाल, इन्होंने बताया कि समाज के युवा बुजुर्ग सभी का सहयोग बहुत बढ़िया रहा।

# धुलेंडी पर्व 4 मार्च को, बाजार में सजी रंग-पिचकारियों की दुकाने



**झाबुआ।** धुलेंडी पर्व 4 मार्च को मनाया जाएगा। जिसको लेकर शहर के बाजार में रंग-पिचकारियों की दुकानें सज चुकी है। बाजार में रंग-पिचकारियों की करीब एक दर्जन से अधिक दुकानें लगी हुई है, जहां पहुंचकर लोग धुलेंडी को लेकर खरीदी कर रहे है। जैसे-जैसे पर्व नजदीक आएगा, बाजारों में रौनक बढ़ने के साथ खरीदी का दौर भी चलेगा। शहर के आजाद चौक पर रंग-पिचकारी व्यवसायी उमेश सोलंकी एवं विक्की सोलंकी ने बताया कि पिछले दो वर्षों से वह यह व्यवसाय कर रहे है। उनके द्वारा इंदौर और दिल्ली से रंगों और पिचकारियों की खरीदी की गई है।उनकी दुकान पर रंगों में हर्बल रंग 20 से लेकर 600 रुपए और रंग-बिरंगे गुलाल 100 से लेकर 150 रुपए बोरी के हिसाब से उपलब्ध है। उसके अलावा पिचकारियों में 20 से लेकर 2 हजार रूपए तक की पिचकारियां मौजूद है । जिसमें नई पिचकारियों में कुल्हाड़ी, हनुमानजी के गधा वाली पिचकारी, हथोड़ा पिचकारी, बंदूक और छतरी वाली पिचकारी आदि नई पिचकारी है। इसके अलावा प्रेशर गन 120 से लेकर 800 रूपए तक, टैंक 100 से लेकर 1 हजार रूपए और सिलेंडर 400 से लेकर 1 हजार रूपए के साथ इलेक्ट्रॉनिक बैटरी वाली पिचकारी 300 से लेकर 2 हजार, मॉस्क 20 से 150 रुपए और वीक 70 से 150 रुपए तक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष भाव में कोई वृद्धि नहीं हुई है। होली पर्व नजदीक आते ही रंग-पिचकारियों की बिक्री में बढ़ोतरी होगी।

# आलीराजपुर में गो माता को लेकर महारैली 27 अप्रैल को निकलेगी

- गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने के लिए सौंपा जायेगा प्रार्थना-पत्र
- श्रीराम गौशाला की नई समिति का हुआ गठन
- अध्यक्ष भूपेन्द्र माली व सचिव धर्मेन्द्र शर्मा बनाए गए

**आलीराजपुर।** गौ सम्मान आव्हान अभियान के अंतर्गत श्रीराम गौशाला, आलीराजपुर में एक वृहद मीटींग सम्पन्न हुई। जिसमें 27 अप्रेल 2026, सोमवार को आलीराजपुर में राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को प्राथना-पत्र देने के सम्बंध में रणनीति पर चर्चा हुई। मीडिया प्रभारी कृष्णकान्त बेड़िया ने बताया कि केन्द्र सरकार और सभी राज्य सरकारों से राष्ट्र और भारतीय संस्कृति के हित में संविधान के दायरे में रहकर अहिंसक तरिके से गौमाता को सेवा, सुरक्षा और सम्मान का मौलिक अधिकार प्रदान हो। गौमाता को राष्ट्र माता घोषित करे। इस हेतु 27 अप्रेल 2026, सोमवार को पूरे देश की सभी 5000 तहसीलों में राष्ट्रपति, राज्यपाल, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर एवं एस.डी.एम. महोदय को इस हेतु प्राथना-पत्र दिया जायेगा।

मीटींग में निर्णय लिया गया कि आलीराजपुर नगर में भी 27 अप्रेल को हजारों की संख्या में महिला, पुरूष, युवक, युवतीया, बच्चें उक्त मांगों को लेकर विशाल रैली निकालकर प्राथना-पत्र देंगे। गौरक्षा हेतु केन्द्रीय कानून बने एवं भारतवर्ष में गौहत्या पूरी तरह समाप्त हो। गौबर और गौमुत्र को लेकर अनुसंधान हो। गौमाता का दूध, दही, गौबर, घी और गौमुत्र को बढ़ाने के लिए शासन उचित नीतियां बनाये, इसके लिये यूनिट की स्थापना की जाये। मंदिरों में भोग, आरती, पूजा, प्रसाद में देशी गौमाता का घी व दूध अनिवार्य किया जाये। प्रत्येक ग्राम पंचायत में गौशाला की स्थापना हो। गौहत्यारों व गौतस्करों को आजीवन कठोर कारावास दिया जाये। गौतस्करी पर रोक लगे। प्रत्येक तहसील में गौ वाहिनी एम्बुलेंस व चिकित्सालय की व्यवस्था हो।

बेड़िया ने बताया कि आलीराजपुर तहसील में भी गौ सम्मान आव्हान अभियान के लिए समितिया गठित की जा चुकी है। समिति के सदस्य प्रत्येक घर जाकर लोगों से फॉर्म भरकर जानकारी लेंगे व इस अभियान से जुड़ने का आव्हान करेंगे व सहमति लेंगे। प्रत्येक तहसील में जोर-सोर से इस हेतु कार्य चल रहा है। श्रीराम गौशाला की नवीन कार्यकारिणी का भी गठन हुआ। जिसमें संयोजक सुनील राठौड़, अध्यक्ष भूपेन्द्र माली, उपाध्यक्ष उत्तम राठौड़ व मनीष गवली, सचिव धमेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष रितेश राठौड़ व मीडिया प्रभारी पियुष राठौड़, प्रेम माली को बनाया गया है। मीटींग में ग्वाल शक्ति सेना, धेनु शक्ति सेना, श्रीराम गौशाला समिति के सदस्य सहित आलीराजपुर नगर के गौभक्त उपस्थित थे।

## एक नजर में

**पूर्व विधायक स्व . शांतिलाल बिलवाल की द्वितीय पुण्यतिथि पर रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता**

# जिले में ऐसे आयोजन से खिलाड़ियों की प्रतिभा की खोज होती है : मंत्री निर्मला भूरिया

**झाबुआ।** अपराजित योद्धा पूर्व विधायक स्व शांतिलाल बिलवाल की द्वितीय पुण्यतिथि पर आयोजित ओपन रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ राजगढ़ नाका स्थित गरबा ग्राउंड में हुआ। शुभारंभ नगरपालिका परिषद् झाबुआ अध्यक्ष कविता सिंगार, नगर पंचायत रानापुर अध्यक्ष दीपमाला नालवाया, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय पदाधिकारी ओम शर्मा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मनोहर सेठिया, स्व. शांतिलाल बिलवाल के पुत्र देवराज बिलवाल, पुत्री राशी बिलवाल द्वारा किया गया।

जानकारी देते हुए देवराज शांतिलाल बिलवाल एवं उदय बिलवाल ने बताया कि स्पर्धा में



लगभग 34 टीमे भाग ले रही है और सारे लीग मैच समाप्त होने के बाद क्वाटर फाइनल पहला मैच खजूरी थांदला और खेल परिसर झाबुआ ए के बीच खेला गया। जिसमें खजूरी थांदला 7 अंक से विजय हुई। दूसरा क्वाटर फाइनल मुकबला धार और किला जोबट के बीच खेला गया। जिसमें धार 22 अंको से विजेता रहा। तीसरा क्वाटर फायनल मुकबला झिरावड़िया और चेनपुरा के बीच हुआ। जिसमें चेनपुरा 19 अंक से विजयी घोषित हुआ।

एक क्वाटर फायनल मुकबला 22 फरवरी, रविवार रात खेला जाएगा। धार, खजुरी, चेनपुरा ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।

प्रतियोगिता में मप्र शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर खिलाड़ियों को संबोधित किया और बताया की जिले में ऐसे आयोजन से खिलाड़ियों की प्रतिभा की खोज होती है और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के अवसर मिलते है। पूर्व विधायक और भाजपा जनजाति मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कलसिंह भाबोर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया एवं बताया कि स्व शांतिलाल बिलवाल की रुचि शुरू से ही कबड्डी में थी और अपने छात्र जीवन से ही कबड्डी की प्रतियोगिता आयोजित करते थे। देवराज बिलवाल मित्र मंडल और राजगढ़ नाका मित्र मंडल द्वारा लगातार हर वर्ष इस आयोजन को किया जा रहा है। यह हमारे लिए गर्व का विषय है। प्रतियोगिता को संपन्न करवाने में खेल प्रशिक्षकों में अवलोक शर्मा, नरेश राजपुरोहित, अमजद खान मनोज पाठक, कोमल बारिया आदि सराहनीय भूमिका का निर्वहन कर रहे है।

### यह रहे उपस्थित

प्रतियोगिता में विशेष रूप से भाजपा जनजातीय मोर्चा के प्रदेश मंत्री सोमसिंह सोलंकी, जिला पंचायत सदस्य वालसिंह मसानिया, बहादुर हटीला, शेलेंद्र सोलंकी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीपसिंह चौहान, देवझिरी मंडल अध्यक्ष मांगीलाल भूरिया, झाबुआ मंडल अंकुर पाठक, रूपसिंह, कमलेश दातला, राजू डामोर, छीतू सिंह मेड़ा, कांतिलाल प्रजापति आदि भी उपस्थित थे। पूरे कार्यक्रम का संचालन भाजपा के वरिष्ठ नेता शेलेष दुबे द्वारा किया गया।